» न्यूज गैलरी

## वेतन और नियमितीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** बीते दिनों उमरियापान के करौंदी पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को किसान मित्रों ने नियमितीकरण और वेतन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद दुबेए तहसील अध्यक्ष हरेंद्र सिंह बागरीए अरविंद तिवारीए अश्वनी गौतमए उमादत गौतमए मोहन पाण्डेयए पम्मू लाल यादवए जगदीश प्रजापति सहित अन्य किसान मित्रों ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा साल 2021 में जिलेभर में किसान मित्रों की नियुक्ति की गई। किसान मित्रों को एक हजार रुपए प्रतिमाह भत्ता भी दिया जाना है। दो सालों में किसान मित्रों की कोई भी राशि नहीं दी गई। किसान मित्र लगातार किसानों के बीच पहुंचकर शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हैं। किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने प्रेरित करते हैं। लगातार काम करने के बाद राशि न मिलने से किसान मित्र आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इसी तरह स्वच्छताग्राहियों ने की नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## खेरमाता मंदिर में अखंड मानस पाठ का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** स्कूल परिसर के पास विराजी खेरमाई में अखंड मानस पाठ का आयोजन 15 अगस्त से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पाठ अभी अनिश्चितकालीन है। लोगों का सभी का सहयोग मिल रहा हैए सावन मास भी चल रहा है। गांव वालों की खुशहाली के लिए यह मानस पाठ कराया जा रहा है।

# बारिश के बाद किसानों ने की धान की बुवाई

## कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून की वापसी से खिले किसानों के चेहरे

**कटनी, यशभारत। कुछ दिन के ब्रेक के बाद जिले में मानसून एक बार फिर एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का क्रम जारी रहने से किसानों ने राहत की सांस ली है। खेतों में रोपा लगाने के बाद जो किसान बारिश की प्रतीक्षा कर रहे थे, उनका इंतजार अब समाप्त हो गया है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते उनके चेहरे एक बार फिर खिल उठे हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर बारिश नहीं होती तो धान की फसल को नुकसान पहुंच सकता था।**



विदित हो कि इस बार मानसून ने सही समय पर दस्तक दी थी, लेकिन कुछ दिन बार मानसून की बेरूखी के चलते एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया था। लोग गर्मी और उमस से बैचेन नजर आ रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसान इस इंतजार में थे कि अच्छी बारिश हो तो खेतों में धान का रोपा लगाया जाए। धान का रोपा लगाने के लिए खेतों में बारिश का पानी भरना जरूरी रहता है। जिन किसानों के खेतों में सिंचाई की सुविधा थी, उन्होंने तो रोपा लगा दिया था, जो किसान मानसून पर निर्भर थे, उन्हें काफी दिक्कतें हो रही थीं। इस साल मानसून की बात करें तो जुलाई में अपेक्षा के मुताबिक बारिश नहीं हुई लेकिन जैसे ही अगस्त का महीना शुरू हुआ, वैसे ही मानसून ने जोरदार वापसी की। इस दौरान करीब एक सप्ताह तक अनवरत बारिश होती रही। इससे किसानों ने खेतों में रोपा लगाया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी किसानों को मौसम को देखते हुए रोपा लगाने की सलाह दी थी।



## हड़ताल : गरीबों को राशन तो किसानों को खाद की दिक्कत

### राशन दुकानों में ताले, सोसायटी से बैरंग लौट रहे किसान, धान की फसल पर खाद का छिड़काव जरूरी

**कटनी, यशभारत।** मप्र सहकारी समिति महासंघ संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में पैक्स कर्मचारी वर्तमान में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। लंबित मांगों को लेकर लामबंद पैक्स कर्मचारी कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताल से जिले के अलावा बहोरीबंद विकासखंड की 79 राशन दुकानों व 16 सहकारी समितियों पर ताला लटक रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खाद्यान्न और खाद वितरण व्यवस्था ठप है। समितियों से किसानों और हितग्राहियों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 15 अगस्त तक राशन दुकानों पर 60 फीसदी राशन वितरण हो गया है। राशन न मिलने की समस्या से जहां गरीब तबके के हितग्राही परेशान तो हैं, तो वहीं किसान भी सहकारी समितियों से खाद न मिलने के कारण परेशान है। कृषक संतोष यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, विजय कुशवाहा, राकेश ठाकुर ने बताया कि बारिश से धान की फसल को संजीवनी मिल गई है। यूरिया व डीएपी खाद का छिड़काव फसल पर करना जरूरी है, लेकिन समितियों से खाद नहीं मिल पा रही है। जिस कारण बाजार से महंगे दामों पर खाद लेना पड़ रही है। मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय महासचिव दिनेश द्विवेदी ने बताया कि अभी 21 अगस्त तक जिला स्तर पर प्रदर्शन चलेगा और मांगें पूरी नहीं होने 22 अगस्त को भोपाल में पैक्स के कर्मचारी जुटेंगे। लंबित मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन करेंगे। बात नहीं बनी तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। जो लंबित मांगें हैं उनमें शासकीय कर्मचारियों के समतुल्य वेतनमानए सहकारी बैंकों में समिति सहायक पदों पर शीघ्र पदोन्नति व पीओएस मशीन से स्टाक कम करने व कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए शामिल है।

### शिवलिंग निर्माण



चंडिका मंदिर परिसर में विगत 18 अगस्त से शिवमहापुराण एवं शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का धार्मिक आयोजन चल रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्र व आसपास के श्रद्धालु पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं।

## देवराकलां पंचायत के पंचों ने सरपंच के खिलाफ खोला मोर्चा

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत देवराकला के पंचों ने सरपंच के खिलाफ शिकायत करते हुए गंभीर आरोप लगाए है। कलेक्टर अवि प्रसाद से की गई शिकायत में सरपंच पर पद का दुरुपयोग करने व निर्माण कार्यों में अनियमितता होना बताया है। महिला सरपंच होने के बावजूद सरपंच पति द्वारा पंचायत के कार्यों में दखल दिया जा रहा है। पंचों का आरोप है कि निर्माण कार्य के लिए आई शासकीय सामग्री का निजी उपयोग किया जा रहा है। शासकीय कार्य जेसीबी मशीनों से कराए जा रहे हैं और गांव में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कार्य की देख रेख भी सरपंच पति द्वारा की जाती है। ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्रामीणों सहित पूरन लाल दुबे, सुशील दाहिया, गुड्डा कोल, रामलाल साहू, संजू लता सोनी, गणेश गुप्ता, तुलसी दास सहित अन्य ने निर्माण कार्यों की जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की है।



## उमरियापान में देर रात तक चलता रहा कवि सम्मेलन

### कवियों ने किया श्रोताओं का मनोरंजन, जमकर लूटी वाहवाही

**उमरियापान, यशभारत।** कृषि मंडी उमरियापान में भाजपा द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन पूर्व विधायक मोती कश्यप के मुख्यातिथ्य एवं ढीमरखेड़ा तहसील मंडल प्रभारी ललित जायसवाल की अध्यक्षता में किया। कवि सम्मेलन में शशिकांत यादव मंदसौर, प्रेरणा ठाकरे इंदौर, अतुल ज्वाला ग्वालियर, अमित शुक्ला इटावा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन किया तो कटनी के कवि मनोहर मनोज, प्रियंका मिश्रा विजयराघवगढ़ सहित एक अन्य कवियों ने भी अपनी कविताओं, गजलों एवं राजनीति से हटकट रचनाएं सुनाकर वाहवाही लूटी। इस मौके पर मीसाबंदी गया प्रसाद चौरसिया, पद्मेश गौतम, गोविंद सिंह, प्रशांत राय, राजेश चौरसिया, राजेश ब्यौहार, विजय दुबे, जितेंद्र अरोरा, जयप्रकाश चौरसिया, ललित गौतम, संतोष सोनी, जगन्नाथ माझी, प्रदीप चौरसिया, मुन्नू गौतम, आशीष अस्सु चौरसिया, गोल्डी, सैंकी, शुभम, टीटी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## डॉ शिवम पीएससी के तहत चिकित्सा अधिकारी में चयनित

कटनी, यशभारत।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में पदस्थ डॉ शिवम दुबे अब नियमित चिकित्सा अधिकारी होंगे। उनका एमपीपीएससी के तहत चिकित्सा अधिकारी के लिए चयन हुआ है, जिसकी चयन सूची लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा जारी कर दी गई। अभी तक एमबीबीएस करने के बाद शासन की पॉलिसी बांड के रूप मे स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के रूप में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे थे। अब पीएससी में चयन होने के बाद नियमित चिकित्सक बन गए है। हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में डॉ दुबे को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## 22वी कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन, प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार

**कटनी, यशभारत।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 22वी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन विगत 11 से 13 अगस्त तक माधवनगर इंडोर हॉल में किया गया। जिसमे अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 बालक-बालिका, पुरुष, महिलाओं एवं वेटरन प्रौढ़ वर्ग की एकल व युगल प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में जिले के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-11 बालक एकल विजेता अर्जुन अग्रवाल, उपविजेता अद्विक वर्मा, अंडर-11 बालिका एकल विजेता देवांशी जैन, उपविजेता ध्याना गोलछा, अंडर-13 बालक एकल विजेता समर्थ पंजवानी, उपविजेता वैदिक संगतानी, अंडर-13 बालिका एकल विजेता यशस्वी सोनी, उपविजेता देवांशी जैन, अंडर-15 बालक एकल विजेता समर्थ पंजवानी, उपविजेता ऋषि बजाज, अंडर-15 बालक युगल विजेता ऋषि बजाज व समर्थ पंजवानी, उपविजेता अंश पंजवानी व शिवांशु रिझवानी, अंडर-17 बालक एकल विजेता श्रेयस यादव, उपविजेता करन प्रथ्यानी, अंडर-17 बालक युगल विजेता करन प्रथ्यानी व यश सचदेव, उप विजेता विश्व बड़ारिया, मयंक डोडनी, अंडर-19 बालक एकल विजेता मयंक डोडनी, उपविजेता श्रेयस यादव, अंडर-19 बालक युगल विजेता करन प्रथ्यानी व यश सचदेव, उप विजेता वरुण यादव व आर्यन कुमार, पुरुष एकल विजेता क्षितिज यादव, उपविजेता अविनाश आहूजा, पुरुष युगल विजेता क्षितिज यादव, अक्षय यादव, उपविजेता प्रदुमन चौबे व अविनाश आहूजा, महिला एकल विजेता रचना तिवारी, उपविजेता शिवानी बच्चानी, महिला युगल विजेता रचना तिवारी, शिवानी बच्चानी, उपविजेता रितिका जयसिंघानी व संजना जयसिंघानी, वेटरनस प्रौढ़ एकल विजेता अलोक कुमार जुडराज जोसफ, उप विजेता विक्रम पारेचा, वेटरेनस प्रौढ़ युगल विजेता विक्रम पारेचा व गोपाल आहूजा, उपविजेता संदीप केवलानी व कैलाश जयसिंघानी, सांत्वना पुरस्कार शौर्य वर्धन जैन, आशर्या गेलानी, शुभ पंजवानी, सार्थक गिरी, अनंत खेड़िया को दिया गया।



### वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ियों का सम्मान

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल, विशिष्ट अतिथि कटनी जिला बैडमिंटन संघ संरक्षक अनुज जैन, पंकज राय, जगदीश पटेल द्वारा सभी विजेताओं व उप विजेताओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया, साथ ही लकी वाधवानी व आशु पवार को भी प्रतियोगिता में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ियों संगम लाल जयसवाल, अरुण चौदहा, चंद्रमोहन चौदहा, के के जैन, ओम प्रकाश मुल्तानी, व्ही के तिवारी कैमोर को भी मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। स्व. विजय कुमार जैन की स्मृति में कृषि विकास केंद्र परिवार द्वारा 10 हजार रूपए की सहयोग राशि संघ को प्रदान की गई। समारोह में मनीष गेई, विनोद संतानी, संजय संतानी, अजय सजवानी, विजय भार, के एल कनकने, नागरथ जी, राजेंद्र मंगलानी, पीयूष जैन, अनिल नेमा, राजेश डेविड, विभाष पाटिल, गोपाल शर्मा, संतोष पंजवानी, राजेंद्र बरसैयां, संदीप डबरे श्री व श्रीमती मुकेश मुल्तानी, श्रीमती सिया कलवानी, अक्षय जगवानी, अभिषेक कुमार, रूक्कू रीझवानी, वान्या भेरवानी, अरुण जैसवानी, कल्लू बाजपेई, मुकेश रजक, कपिल, पवन यादव, टिल्लू खंपरिया, किशोर मेहानी, आनंद चौदहा, देवी सिंह डब्बू की उपस्थिति रही।

सिटी मॉल बरही रोड में



शानदार दूसरा सप्ताह
11 अगस्त से
रोजाना 6 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)
गदर – 2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## सड़क में दलदल, आवागमन में हो रही परेशानी

कटनी, यशभारत।

राम निवास सिंह वार्ड के झर्रा टिकुरिया के वाशिंदे इन दिनों प्रदूषण और बारिश के हालात में दलदल की बनी स्थिति से बेहद परेशान हैं। दरसल यहां पर रेलवे का एशिया का सबसे लंबा ओवर ब्रिज बन रहा है, जिससे रेलवे की ट्रेन गुजरेंगी, लेकिन ब्रिज बनाने वाली एलएनटी कंपनी ने इस घनी आबादी वाले रिहायशी बस्ती को अपना कर्मस्थली बनाकर पूरा प्लांट स्थापित कर लिया है। कंपनी द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। आलम ये है की गर्मी और अन्य मौसम में यहां धूल के गुबार उड़ते हैंए तो बारिश मे यही मार्ग दलदल मे तब्दील हो जाता है। लोगों को कई बीमारियां भी हो रही है और राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल है। जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

### वार्ड के लोगों ने महापौर से रखी सड़क निर्माण की मांग

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम सीमा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 के वाशिंदे पिछले काफी समय से जर्जर सड़क की वजह से परेशान हैं। सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों में रोष प्याप्त है। अब उन्होंने महापौर प्रीति संजीव सूरी से सड़क निर्माण की गुहार लगाई है। महापौर को एक पत्र सौंपकर सड़क निर्माण कराए जाने मांग की गई है। वार्ड की रानी देवी, दीपक मिश्रा, महेंद्र, हरिदास, भगवानदास, अनिल कुमार, अखिलेश, रामकिशन मिश्रा, ममता पाठक, मीरा देवी श्रीवास्तव ने पत्र सौंपा है।

कार्यालय–प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी
26.09.18 को बैंक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त अग्रणी महाविद्यालय, जिला-कटनी
Phone: 07622-299423, E-Mail:gtc_katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in
क्रं./540/शातिम/निविदा/23-24 कटनी, दिनांक
निविदा
शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद जिला कटनी के विद्यार्थियों हेतु कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. भोपाल द्वारा निर्धारित फर्नीचर स्पेशिफिकेशन के अनुसार विद्यार्थी ड्यूल डेक्स क्रय करना है। जिसकी खुली निविदा क्रमांक दिनांक 17.08.2023 जेम पोर्टल पर है। जिसकी ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.09.2023 तक है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म जेम पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है। निविदा के संबंध में अन्तिम निर्णय प्राचार्य/डी.डी.ओ. शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी का होगा।
देर से घर आए लेकिन दुरुस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले। दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
प्राचार्य
शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महा0 कटनी
G-18526/23

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
mgm NURSING
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग



SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल,

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :– 230033

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो 11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से
11 अगस्त से
गदर – 2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास-100/- बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




11 अगस्त से
रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)
ओएमजी – 2
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश
E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक/1837/खनिज/उ.प./2023 कटनी, दिनांक 11.8.2023

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स अपर्णा मिनरल्स, भागीदार श्री अशोक तिवारी वार्ड नंबर-1, हाऊस नं.-1, ग्राम भेड़ा,तहसील-स्लीमनाबाद, जिला-कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2023 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | आवेदित खसरा नंबर | आवेदित रकबा (हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | गुड़ा | 26/1 | 1.420 | अन्य भूमिस्वमियों की भूमि | डोलोमाईट, लेटेराईट | - |
| | | | 26/2 | 1.430 | | | |
| | | | योग- | 2.850 | - | - | - |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-18536

# कभी सोचा है..
# रविवार को ही क्यों मनाई जाती है छुट्टी

**भारत में रविवार का दिन किसे पसंद नहीं है। सब लोग बड़ी ही बेसब्री से पूरे सप्ताह सिर्फ इसी दिन का इंतजार करते हैं, चाहे कार्यालय अधिकारी हो या स्कूल के बच्चे हर कोई इस एक दिन का इंतजार करता है। इसलिए रविवार का दिन भारत के लोगों के लिए बहुत अहम माना जाता है। लेकिन हम में से कम ही लोग यह बात जानते होंगे कि आखिर क्यों रविवार को ही छुट्टी का दिन तय हुआ और कब आइए आज हम आपको इस इतिहास से रूबरू कराएंगे।**

आज रविवार की छुट्टी लगभग सभी देशों में मनाई जाती है। लेकिन कुछ देश ऐसे भी हैं जहां रविवार की छुट्टी नहीं मनाई जाती है। इस एक दिन हर इंसान चाहता है कि वह यह पल अपने परिवार संग बिताए। रविवार को एक स्पेशल उमंग लोगों के दिल-ओ-दिमाग में होती है। इसलिए लोगों के चेहरों पर अलग ही चमक देखने को मिलती है। व्यक्ति अपने सारे दुख भूलाकर इस दिन का मजा लेता है। बता दें रविवार की छुट्टी के पीछे कई लोगों का बहुत बड़ा संघर्ष रहा है। आज हम रविवार के दिन छुट्टी मनाते हैं तो उसका पूरा श्रेय नारायण मेघाजी लोखंडे को जाता है। क्योंकि उन्होंने ही सबसे पहले छुट्टी को लेकर लड़ाई लड़ी थी।

यह बात है उस दौर की जब भारत पर अंग्रेजो का शासन हुआ करता था। उस समय मजदूरों को सप्ताह के सातों दिन काम करना पड़ता था। इस वजह से कोई भी मजदूर अपने परिवार के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाता था। न ही मजदूर अपने शरीर को आराम दे पाते थे।

ब्रिटिश शासन के समय मजदूरों के नेता रहे नारायण मेघाजी लोखंडे ने ब्रिटिश सरकार के सामने यह समस्या रखी और सप्ताह के एक दिन छुट्टी रखने का निवेदन किया। लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने नारायण मेघाजी लोखंडे के इस निवेदन को ठुकरा दिया। उनका यह फैसला नारायण मेघाजी लोखंडे को पसंद नहीं आया और उन्होंने मजदूरों के साथ मिलकर इसका खूब विरोध किया।

नारायण मेघाजी लोखंडे और मजदूरों का संघर्ष आखिरकार 7 साल बाद रंग लाया और ब्रिटिश सरकार ने 10 जून 1890 को आदेश जारी किया। इस आदेश के जारी होने के बाद सप्ताह के किसी एक दिन यानी रविवार को छुट्टी होने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही हर दिन दोपहर को आधे घंटे की छुट्टी का आदेश जारी हुआ। धीरे-धीरे इस दिन छुट्टी के नीयमों में बदलाव आए।और फिर पूरे दिन के लिए ही छुट्टी रखने की व्यवस्था लागू की गई। इसलिए रविवार सरकारी छुट्टी के दिनों में गिना जाता है।

# कुछ दर्द मिरे दिल में सिवा होता है

**रखियो , ग़ालिब, मुझे इस तल्ख़नवाई में मुआफ़ आज कुछ दर्द मिरे दिल में सिवा होता है।**

**इस समय जो सरकार है राष्ट्रवाद उसकी ढाल व तलवार है... उसने इसके बाँध के सभी गेट सटाक खोल दिये हैं, जनता डूब - उतरा रही है और राष्ट्रगान बज रहा है... ' एक गाना जो गाया नहीं होगा किसी ने / क़ैदी से छीनकर गाने का हक़ दे दिया होगा। वह गाना कि उसे जब चाहो तब नहीं जब वह बजे तब सुनो / बार बार एक एक अन्याय के बाद वह बज उठता है ' । ... राष्ट्रवाद निरंतर पुरज़ोर बज रहा है। इस बार का स्वाधीनता- दिवस भी हर बार की तरह विशेष है, अब वह पचहत्तर पार वाला है ! ... पर क्या करें कि जश्न की कोई प्रेरणा ही नहीं ... पिछले सालों पर ये दस साल बहुत भारी पड़े हैं, बहुत मटियामेट हो चुका है, आगे की आशंकाएँ भयावह है , ' मेरा डर चर रहा है मुझे'। इतनी बड़ी तारीख़ को जानते हुए भी दिल है कि मानता नहीं.... नागरिक स्वतंत्रताएँ जब ख़त्म की जा रही हों , उन पर ख़तरा लगातार बढ़ रहा हो, जब पचहत्तर वर्षों की लोकतंत्री, संसदीय और सवैधानिक विरासत व परम्पराओं को सोच-समझकर ध्वस्त किया जा रहा हो... यह आज़ादी, यह संसद, विधि-विधान-व्यवस्था आख़िर उस जनता के लिये ही तो है जो घोर अरक्षित, दंडित, प्रताड़ित, जीवनहीन है, जिसे नफ़रत ज़हर से विभाजित किया और आपस में लड़ाया जा रहा है ... ऐसे में कैसा स्वतंत्रता दिवस ! पुराने दिनों वाले उसके क़िस्सों और जज़्बे को याद कर के ही कुछ रोमांचित - रोमानी हो लिया जाये... पर यह भी मेरे जैसे के, बूते से बाहर है , जिसके पिता की जेल डायरी के शुरू में ही आराइशी लिखावट में लिखा था ' टु लिव फ़ॉर एन आइडिया, टु डाई फ़ॉर अ कॉज ' .... जो मुझसे कहा करते थे , अरे मनोहर ये चाइल्ड ऑफ़ रेवोल्यूशन हमीं लोग तो हैं ' । ... इन दस सालों में सवैधानिक, संसदीय, लोकतांत्रिक, साम्प्रदायिक इतना मलबा फैल गया है कि उसके पार अतीत के स्वप्नलोक में जाना क्या झाँकना भी यंत्रणापूर्ण है... और फिर उसका फ़ायदा भी क्या... उससे होने जाने वाला क्या ! उससे कहाँ दिल की गुज़र होने वाली।**

पँद्रह अगस्त हो या छब्बीस जनवरी इनसे और इनसे जुड़ी चीज़ों, रस्मों को लेकर इधर बरसों से बेगानापन बढ़ता ही गया है...और पिछले दसक साल से तो इन दोनों दिनों से जुड़ीं प्रेरणाएँ, खुशी,हसरतें और एतबार मन मसोस कर रह जाता है। हालाँकि बाहर शहर और तमाम शहरों में चकाचौंध और अफरातफरी है, मॉलों में मौज़ है, रेस्तरांओं में व्यंजन और भीड़ भरपूर है, खाते- पीते लोग खूब पर्यटनशील हैं... चीखते बैंडबाजे हैं, इतराती बारातें हैं। बेपरवाह ऐश ,लिमिट पार है । फ़ेसबुक पर या इतर पारिवारिकता का अद्भुत प्रसार है, निज गौरव से मन मुदित , अपनों का मगन गुणगान है। एलबम और ख़ानदानी विशेषांक है । दोस्तों पर पूरा कुनबा मेहरबान है ... बेटे-बेटी, बहू- दामाद को भी असीसने का पुटियाता इसरार है ... टाइमलाइन पर रोज़ बदलती अदाएँ हैं , यहाँ से वहाँ की छलांगों का बखान है... ग़नीमत कि शोक अभी ज़्यादा निःशब्द, कम वाचाल है... जन्मदिन-जयंतियों की तो स्थायी वंदनवार है। एक यह दुनिया है और एक ध्वस्त की जा रही ललित, मिलनसार,वैचारिक दुनिया। इससे उस इठलाती, ठहाकेदार दुनिया का लेना-देना कम से कम होत जा रहा है। अजब खावे और सोवे का सुखसंसार है। इस सबसे भी दिल डूबा जाता है... इस मस्ती के आलम में भी पस्ती भीतर पैठी जाती है... कुछ टूटते जाने का गहन अहसास ! ... ख़ैर , जहान तो अपने तौर ही चलेगा , लेकिन अंदरख़ाने का हाल यह है कि इन मोदी - बरसों में चौतरफ़ा ध्वंस और उस पर राष्ट्रीयता के तूर्यनाद से कान पक गये, आँखें थक गयीं , मन ऊब गया और जी भर आया है। एक ओर इस दिन के लिये शुभकामनाओं से ह्दय तो भरा हुआ है पर ओरछोर उत्साहहीनता है ... जुनूने- इश्क़ की हिम्मत जवान थी जिनसे / वो आरज़ुएँ कहाँ सो गयीं, मेरे नदीम ।

बचपन राष्ट्रीयता से ओतप्रोत और उसके प्रेम में पगा हुआ था ...घर के माहौल में राष्ट्रीय आंदोलन की मिठास थी... बैठक नेताओं के चित्रों से सज्जित थी... गाँधी- नेहरू- विनोबा - जयप्रकाश- लोहिया घर के बुज़ुर्गों की तरह आत्मीय थे.... पोनी -तकली- चरखा के साथ खादी का अंतहीन विस्तार था । स्वतंत्रता सेनानी पिता गणेश प्रसाद नायक और संगीतज्ञ माँ गायत्री नायक का मान था... पिता के सेनानी और राजनीतिक यशस्वी मित्रों का सुह्रद घेरा था... उस दौर के किस्से ही किस्से थे... मन मुग्ध था और ह्रदय विभोर । पँद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी का घर -बाहर और जीवन में बड़ा अर्थ था.... इन दिवसों पर उल्लास और उत्साह उमड़ता था , उम्मीद जगमगाती थी ... लाउडस्पीकर पर बजते देशभक्ति के गाने प्रेम और गरूरी की हिलोरें उठाते थे... ध्वजारोहण के बाद स्कूलों में बूँदी खाते थे । ... देश की बदलती आबोहवा के साथ यह उमंग शिथिल पड़ती गयी... पर इन दिवसों का मान मन में ऊँचा ही रहा और बाक़ायदा है। निजी तौर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार का होने का सुख अक्षुण्ण रहा आया । फिर वह समय आया जिसे मोहभंग का दौर कहा गया और 15 -26 के दिवस सुबह सुबह स्मृति के हल्के झोंके के साथ बिना गाये-बजाये आते- जाते गये, उनमें औपचारिकता भरती गयी।

तो पंद्रह अगस्त को मन वह सब भव्य और यादगार चीज़ों को नहीं याद कर रहा जिन्हें आमतौर पर याद किया जाता है, वह उसके भयावह हादसों को याद कर रहा है ... पिछले दो साल के जनता की अपार पीड़ा, अवमानना के दृश्य चलचित्र की तरह दिल - दिमाग़ में घूम जाते हैं... मजदूर हों या किसान या कश्मीर के अभागे लोग, या असहाय कोरोना के हज़ारों हज़ार मरीज... इस सबको देखते रहना भी अपने पर कैसा ज़ुल्म था और याद करना कैसा सितम है... तो इस महान दिवस को इस बार इस व्यथित प्रेम का ही अर्पण सम्भव है । ... वो कथित निकम्मे - निठल्ले सत्तर साल अपनी तमाम बदमाशियों, फ़रेबों, जालसाजियों, षड़यंत्रों कमियों-सीमाओं के बावजूद इतने भले तो थे कि अपनी बात कही जा सकती थी , लड़ा जा सकता था, आवाज़ उठायी जा सकती थी जो संसद और महत्वपूर्ण संस्थाओं और जगहों पर गूँजती और सुनी भी जाती थी... ख़बरदार अख़बार संसद में लहराते भी थे... मेलमिलाप, भाईचारे धर्मनिरपेक्षता की बातों में सार्थकता दिखती थी और ' लब पे हर्फ़े ग़ज़ल दिल में कंदीले ग़मज्वाला दौर ज़माने में सांस ले रहा था... पर देखते ही देखते साम्प्रदायिकता ने तीन डग में हिंदुस्तान नाप लिया... बाबरी ध्वंस, गुजरात नरसंहार और 2014 की धर्मोन्दमादी और जुमला जीत । 75-84 के घोर आलोचकों ने मौक़ा मिलते ही दोनों को एक कर दिया... हवा में फड़फड़ाते हिंदुस्तान के नक्शे पर गाय ने गोबर कर दिया ।

देश ने इन दस सालों में जो भुगता है वह दोहराने की ज़रूरत नहीं.. जो हो रहा है वह वे कर चुके हैं, वे उसे दोहराते रहने वाले है । संघ-सरकार के लिये क्या गीत क्या ग़ज़ल, क्या कंदील और क्या ग़म... उन्होंने अपने लोगों के मुँह में गालियाँ और हाथों में मशाल दे रखी है ... आग भड़काने और धुँआ भभकाने के लिये... सड़क से संसद तक सबको दोहराता विस्तार देखते रहिये, फ्लैशबैक की तरह ... किसान बिल, 370 वाला बिल जिस तरह पारित हुए और वैसे ही धड़ाधड़ पारित होते जा रहे हैं... इस तरह बिलों को पास करवाने को तब दही पापड़ी और धोखला की तरह तैयार करके पारित करना कहा गया था । राज्यसभा में आने वाले दिनों की झलक दिखा दी गयी है ! घोर काले विधेयक तैयार हैं और घोर काले क़ानून बनने की राह पर सरपट हैं।

मुक्तिबोध के काव्यांश में कहें तो हम पर ' रात के जहांपनाहज्का शासन है, ' सब हैं क़ैद उसके चमकते तामझाम मेंज्औरज्दिन के उजाले में भी अंधेरे की साख है। हम अब उस ' लज्जित और पराजितज् समय में पहुँच चुके हैं जहाँ किसी की कोई राय नहीं रह गयी है, और अगर है तो वह किसी गिनती में नहीं। क्रोध तो है पर विरोध नहीं। एक- सी निजी व्याथाओं में सब टूटे, विवश, एकाकी । इनके सामूहिक होने का अंदेशा फ़िलहाल दूर- दूर तक नहीं। सामूहिकता के ख़िलाफ़ भीषण मोर्चाबंदी। जनता की संघर्षशील चेतना को षड्यंत्रपूर्वक नष्ट किया जा रहा है। यही कारण है कि पँद्रह अगस्त की स्मृति को सिर्फ़ तीन रंगों, झंडे-झंडियों में समेट दिया गया है ।हमारे लिए स्वतंत्रता अर्जित करने वाले महान संघर्षों, ज्ञात- अज्ञात शहीदों को भुलाने की अनेक योजनाएँ हैं। याद दिलायी जा रही है विभाजन की विभीषिका। उस आग को भड़काया जा रहा है जिसे तब भी भड़काने वाले यही थे और आज भी यही हैं। देश रह-रह कर नफ़रत आग में सुलग उठता है। मणिपुर, नूंह, मेवात अभी- अभी जले हैं।... जख़्म, हिंसा, ध्वंस,छल, फ़रेब, झूठ, घृणा, अहमन्यता... घर वापसी लव जिहाद, लिंचिंग, दंगे, बुलडोजर... कश्मीर, किसान, महिलाएँ दलित... धौंस, भय, जेल ,क्षत- विक्षत लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता सब इस दिन और बेतरह याद आते हैं। इनके लिए दर्द उभर आता है... क्योंकि इस दिन के लिए इस सब के लिए नहीं लड़ा गया था। दस सालों से देश को जिन जंजीरों में जकड़ा जा रहा है वे आज के दिन और उभर आती हैं। भविष्य से बेखटके चले आने वाले ख़तरोंज् की आशंका इस दिन और परेशान किये रहती हैं। यह दिवस ख़ूबतर अज़ीज़ हैं लेकिन, लौट जाती है उधर भी नज़र क्या कीजिये !

महान , मेरे महान, 15 अगस्त... मेरे महबूब... मुझसे पहली सी मोहब्बत न माँग !

प्रियवरो , स्वतंत्रता-दिवस पर यह तल्खनवाई विरोध नहीं वेदना है। हम सभी इस चमन के बुलबुल हैं पर ये इस गुलशन को गुलख़न ( भट्टी ) बनाये दे रहे हैं...

– मनोहर नायक

## संतोष – लघुकथा

# वे दुआएं अभी भी मेरे कानों में गूंज रही

भीड़ से भरी हुई सड़क पर मैने उसे देखा। वह जमीन पर पड़ा था। उसे देख ठिठका और तत्काल उसके नजदीक जाकर खड़ा हो गया। उसे देखकर मुझे कतई विश्वास नहीं हुआ कि यही वह है, विश्वास को पुख्ता करने के लिए फिर मैंने उसे दुबारा देखा7 अब मेरा विश्वास यकीन में बदल चुका था कि सच में वह दस रुपए का चमचमाता सिक्का ही था। फिर चारों एक सरसरी नज़र घुमाकर देखा कहीं कोई मुझे देख तो नहीं रहा है। तसल्ली हुई मुझे कोई नहीं देख रहा था। मैं झुका और तत्काल उस सिक्के को उठा लिया अब वह मेरी मुट्ठी में बंद था। मैं सिक्के को मुट्ठी में तब तक बंद कर रखा रहा जब तक मुट्ठी और वह पसीने से भींग नहीं गये। फिर मैंने उसे चुपचाप मुट्ठी की कैद से आजाद कर अपने पायजामे की जेब में रख लिया। अचानक मेरा मन न जाने क्यूं बैचेन हो उठा। सोचा यह सिक्का मेरा नहीं है किसी और का है।

इस पर मेरा कोई अधिकार नहीं है। अगर किसी जरूरतमंद का रहा होगा तो निश्चित ही वह दुखी होगा। कुछ देर बाद फिर जेब में हाथ डाल कर उस सिक्के को सहलाया उसे उंगलियों के बीच घूमाता रहा। फिर उसे जेब से निकाल कर एक भिखारी के खाली कांसे ( भिक्षा पात्र ) में डाल दिया। जोर टन्न की आवाज हुई। भिखारी दस का सिक्का पाकर बेहद खुश हुआ और वह अपने दोनों हाथ आसमान की ओर उठाकर काफी देर तक मुझे दुआएं देता रहा। वे दुआएं अभी भी मेरे कानों में गूंज रही है। मैं सिक्का देते समय भिखारी को यह नहीं कह सका कि यह सिक्का मेरा नहीं है। फिर मैंने अपने आप से मन ही मन कहा -ज ओ भिखारी की दुआओं तुम सब उस शख्स के पास चली जाओ जिसका वह सिक्का था। सच कहूं अब मैं तनावमुक्त और काफी संतोष महसूस कर रहा था।

-प्रभात दुबे

## बेइंतेहा मोहब्बत

हाँ मैंने तुम्हें
बेइंतेहा मोहब्बत की
और करता हूँ और
करता रहूगां
मगर तुम्हारी इन
झुकी झुकी नजरो को
मैं क्या समझूं
तुम्हारी हाँ या
तुम्हारी ना
अगर तुम्हारी हाँ है
तो
नजरें मिला लेना और
ना है तो नज़रें चुरा
लेना

–शाहिद मिर्जा
अधारताल जबलपुर

## आपका राशिफल 20 अगस्त




**शुभांक - 9,1,2**

मेष — व्यवसाय के मामले में आज आपका दिन अच्छा रहने वाले हैं मेहनत और लगन सफलता देगी

वृष — अजनबी और ठगी लोगों से सावधान रहना होगा नुकसान की संभावना है

मिथुन — जो लोग ऑनलाइन कार्य करते हैं उन्हें बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है

कर्क — आज का दिन खर्च भरा रहने वाला है मेहमानों के आने की संभावना है

सिंह — विद्यार्थी वर्ग अपने पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाए रखें अन्यथा समस्या बढ़ सकती है

कन्या — सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने से आपको प्रशंसा मिल सकती है आत्म सम्मान बढ़ेगा

तुला — अपने रूखे व्यवहार व्यवहार में परिवर्तन लाने की कोशिश करें तभी सफलता संभव है

वृश्चिक — अपने खर्चों में नए नियंत्रण लाने की कोशिश करें आर्थिक स्थिति को लेकर परेशानी संभव है

धनु — परिवार में पार्टी का आयोजन हो सकता है पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा

मकर — काम में लापरवाही ना बरतें धोखाधड़ी होने की संभावना है।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए लाभदायक हो सकता है।

मीन — माता पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है परिवार में हर्ष रहेगा

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

# टोयोटा किलोस्कर मोटर ने पेश की एमपीवी सेगमेंट की रूमियन फैमिली कार

**जबलपुर,यशभारत।** पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और जरूरतों के अनुरूप पेट्रोल (नियोड्राइव) और ई-सीएनजी पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध है। बेजोड़ प्रदर्शन का दावा शक्तिशाली 1.5 लीटर वाले के सीरिज के पेट्रोल इंजन और एकीकृत स्टार्टर जेनरेटर( आईएसजी) टेक्नालॉजी तथा ई-सीएनजी टेक्नालॉजी की बदौलत पेट्रोल वाले रूपांतर में 20.51 किलोमीटर /लीटर और सीएनजी रूपांतर में 26.11 किमी/किग्रा की उत्कृष्ट ईंधन दक्षता सुनिश्चित करता है।

मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों के शौकीनों के लिए उपलब्ध, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और स्मूथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ एक सहज ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिज़ाइन, खुली और पूरी जगह वाले आरामदायक इंटीरियर के साथ, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन परिवार की यात्रा आवश्यकताओं के लिए एक आदर्श विकल्प है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन टोयोटा आई -कनेक्ट, स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच कनेक्टिविटी, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो केसाथ एक उन्नत 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो, ऐप्पल कार प्ले और इमर्सिव ऑडियो अनुभव के लिए आर्कमिस सराउंड सेंस जैसी तकनीकी सुविधाएँ प्रदान करता है। पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन अपने विश्व स्तरीय सुरक्षा उपकरणों, बेजोड़ आफ्टरसेल्स सेवा और 3 साल/1,00,000 किलोमीटर की मानक वारंटी के साथ मानसिक शांति सुनिश्चित करता है और परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करता है।




### विश्व स्तरीय वाहन देने का रहता है प्रयास

टीकेएम के प्रबंध निदेशक और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ), मासाकाजु योशिमुरा ने कहा कि टोयोटा में हम विश्व स्तरीय वाहन देने से कहीं आगे जाने में विश्वास करते हैं। गहरी जड़ों वाली हमारी संस्कृति ऐसे उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने की है जो बेजोड़ मूल्य तैयार करते हैं और हमारे निष्ठावान ग्राहकों को मानसिक शांति प्रदान करते हैं। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन इस लोकाचार को अपनाता है और हम आनंददायक स्वामित्व अनुभव के माध्यम से ग्राहकों के एक पूरे नए समूह को गुणवत्ता और सेवा के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता की पेशकश करने के लिए तत्पर हैं,। न्यू टोयोटा रुमियन का अनावरण करते हुए हम सभी बेहद खुश हैं। हमारे वाहनों की व्यापक श्रृंखला में यह एक असाधारण वृद्धि है। एक उत्कृष्ट वाहन होने के अलावा, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन 3 साल/1,00,000 किमी की मानक वारंटी के साथ आता है, जिसे 5 साल/2,20,000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है। एक क्लिक से ऑल न्यू टोयोटा रुमियन के 360-डिग्री दृश्य का आनंद ले सकते हैं , वेरिएंट, रंग और प्रमुख विशेषताओं का पता लगा सकते हैं। कीमत और बुकिंग शुरू होने की घोषणा आगे तक उचित समय पर की जाएगी।

### ये हैं कुछ विशेषताएं

- शक्तिशाली 1.5 लीटर -के सीरीज पेट्रोल इंजन से संचालित।
- पेट्रोल ग्रेड के लिए 6000 आरपीएम पर 75.8 किलोवाट का पावर आउटपुट और 4400 आरपीएम पर 136.8 एनएम का टॉर्क।
- 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और स्मूथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के बीच विकल्प।
- बढ़ी हुई ईंधन दक्षता के लिए नियो ड्राइव तकनीक और ई-सीएनजी तकनीक।
- पेट्रोल संस्करण के लिए 20.51 किमी/लीटर और इसके सीएनजी संस्करण के लिए 26.11 किमी/किलोग्राम की उत्कृष्ट ईंधन दक्षता।
- पेट्रोल (नियो ड्राइव) और सीएनजी दोनों ईंधन विकल्पों में उपलब्ध है।

# उत्तर मध्य विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल आज शाम

### महिला वर्ग में कारपोरेशन व रानीताल ,पुरुषों में अहिंसा क्लब ,जबलपुर कॉरपोरेशन फाइनल म



**जबलपुर, यशभारत।** करमचंद चौक स्थित बंगाली क्लब परिसर में खेली जा रही उत्तर मध्य विधानसभा विधायक कप महिला -पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में जहां एक ओर महिला वर्ग में जबलपुर कॉरपोरेशन ने मारुति क्लब को व रानीताल स्पोर्ट्स ने गोसलपुर एकेडमी को हराकर निर्णायक दौर में प्रवेश किया वहीं दूसरी ओर पुरुष वर्ग में अहिंसा क्लब मेरेगांव व जबलपुर कॉरपोरेशन ने फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनय सक्सेना द्वारा किया गया । इस दौरान विधायक विनय सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली टीम को प्रदेश स्तर सहित राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिले इसके लिए वह प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट स्थिति के रूप में सतीश उपाध्याय ,पंकज पांडे ,शिवकुमार चौबे ,पार्षद अमरीश मिश्रा, गुड्डू नबी अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, मनोज सेठ ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मैचों को संपन्न कराने में मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव मनजीत सामल पुष्पा रघुवंशी, परमूयादव ,दिनेश तिवारी जितेंद्र सिंह मोना सेंगर ,रेखा गौड़ ने बखूबी निभाया। कबड्डी संघ के शानू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम को 4:00 बजे से प्रतियोगिता के दोनों फाइनल मैच खेले जाएंगे।



कहते हैं पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता फिर पता नहीं लोग क्यों अपने मां बाप का प्यार भूल जाते हैं। मुफ्त में सिर्फ मां बाप का ही प्यार मिलता है। इसके बाद दुनिया में हर रिश्ते के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। मंदिरों की जिन मूर्तियों कोहमने बनाया है हम उनकी पूजा तो करते हैं पर जिन्हों हमें बनाया हम उन मां बाप की पूजा क्यों नहीं करते। -मुनिश्री तरुण सागर

## किराये से देना

4 कमरे, किचन, लेट, वाथरूम, बालकनी युक्त सत्य अशोका के बाजू में लाल बंगला राइट टाउन जबलपुर।
**संपर्क अंकित जैन**
**7440574700**




# सीएम का किया आत्मीय स्वागत



**जबलपुर, यशभारत।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ससुर जनसंघ के सदस्य रहे स्व. सुभाष चंद्र बेनर्जी की प्रतिमा का अनावरण करने जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ से किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे।

यश भारत
नये ज़माने के साथ..
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

| 1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/- |

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण · आम सूचना · इश्तहार · गुमशुदा · नाम सुधार · जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

» न्यूज गैलरी



## पं. विजयशंकर मेहता के संगीतमय प्रवचन 22 व 23 को, तैयारियां शुरू

### सूत्र एवं परिवार प्रबंधन पर कटनी सत्संग समिति का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** श्री कटनी सत्संग समिति द्वारा सूत्र एवं परिवार प्रबंधन हितार्थ प्रख्यात कथावाचक पं विजयशंकर मेहता के दो दिवसीय संगीतमय प्रवचन होटल अरिंदम में आगामी 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। प्रथम दिवस 22 अगस्त को योगेश्वर श्रीकृष्ण एवं स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान होंगे जबकि दूसरे दिन मानस के राम और हमारे हनुमान विषय पर चर्चा होगी। 23 अगस्त को सुबह साढ़ आठ बजे से सवा नौ बजे तक हनुमान चालीसा में ध्यान योग पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। प्रवचन एवं व्याख्यान का समय सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक निर्धारित है। श्रद्धालुओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील कटनी सत्संग समिति द्वारा की गई है।

## साइंस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा के लिए पंजीयन 15 सितम्बर तक

**कटनी,यशभारत।** विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था, एनसीआरटी, एनसीएसएम, मेपकास्ट और विज्ञान भारती संयुक्त रूप से साइंस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा आयोजित करेगी । परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है। कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं। परीक्षा में कुल 100 प्रश्न गौरवशाली भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के प्रति योगदान, बीरबल साहनी का जीवन परिचय ,भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और विज्ञान से 40 प्रतिशत, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से 50 प्रतिशत एवं तार्किक शक्ति से 10 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा 29 और 30 नवंबर 2023 को ऑनलाइन आयोजित होगी। परीक्षा का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर , द्वितीय चरण राज्य स्तर और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा होगी।राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भास्कर एवॉर्ड और दो हजार रुपये प्रति माह एक वर्ष तक छात्रवृति मिलेगी। साथ ही 90 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में इन्टर्नशिप का अवसर मिलेगा।

## 12 पालियों में परीक्षा का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 आयोजित कर रहा है। पूर्ण शुचिता एवं सतर्कता के साथ मण्डल द्वारा 12 अगस्त से परीक्षा करवाई जा रही है। मण्डल की सतर्कता से परीक्षा में अनुचित कार्यवाही पर 2 एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। संचालक मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दी गई जानकारी में बताया है कि अब तक एक लाख 68 हजार 112 अभ्यर्थियों के लिये 12 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया।

# 120 प्राचार्यों एवं प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस

### 30 प्रतिशत से अधिक छात्र -छात्राओं द्वारा मासिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कटनी,यशभारत। स्कूलों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की मासिक मूल्यांकन टेस्ट व्यवस्था शुरू करने के निर्देश देने के बाद स्कूलों द्वारा आयोजित किये गए मासिक मूल्यांकन टेस्ट मे 30 प्रतिशत से अधिक छात्र –छात्राओं द्वारा इस परीक्षा मे शामिल नहीं होने के मामले को कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही माना है। कलेक्टर ने शैक्षणिक स्तर के सुधार हेतु शुरू किये गए गये इस अभिनव पहल पर अमल नहीं करवा पाने वाले जिले के 120 हायर सेकेन्ड्री व हाई स्कूल प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है।



### इन्हे मिला नोटिस

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने जिन प्राचार्यो एवं प्रभारी प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है उनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुठिया महगवां, गणेशपुर, नदावन, खितौली, सलैया सिहोरा, बालक बरही, सिंहुडी, स्लीमनाबाद, कूडामर्दानगढ़, कन्या उमरियापान, ढीमरखेड़ा, मॉडल ढीमरखेड़ा, परसेल, कटरिया, झिन्ना पिपरिया, पहरुआ, हरदुआ, वेंकटवार्ड, कुलुआ बडखेरा, कन्या सिविल लाईन, घुघरा, बिलहरी, बांधा, देवगांव, हथकुरी, बडगांव, नैगवां, उत्कृष्ट रीठी, देवसरी इंदौर, हरैया, देवराकला, सिनगौडी, और इटौरा के प्राचार्य शमिल है। इसी प्रकार शासकीय हाई स्कूल बिजौरी, नन्हवाराकला, निगहरा, खरहटा, बुजबुजा, मझगवां (बहोरीबद), बडखेरा भरदा, रामपाटन, बडखेरा (ढीमरेखडा), पौनिया, बिचुआ (ढीमरेखडा), जुहली, हीरापुर कौडिया, रैपुरा, घुडहरी, गोदाना, खम्हरिया, करहिया, बडखेरा (रीठी), खलवारा बाजार, उबरा, नन्हवाराकलां, बम्हौरी, चरी, गोहावल, खरखरी अम्मुवारी, मोहांस,चपना, विलायतकलां, किरहाई पिपरिया, सलेया फाटक, कन्या रीठी, शास उमावि भुडसा, कुठिया महगवां, गणेशपुर, नदावन, खितौली, बालक बरही, सिहुंडी, बंधी स्टेशन, कुआँ, कन्या उमरियापान, ढीमरखेडा, मॉडल ढीमरखेडा, परसेल, कटरिया, पहरुआ, सिलौडी, देवरी हटाई, हरदुआ, कन्या सिविल लाईन, एन.के.जे., घुघरा, बिलहरी, देवगांव, बडगांव, नैगवां, उत्कृष्ट रीठी, खिरवाटोला, कारीतलाई ,इटौरा,कांटी, शासकीय हाई स्कूल हदरहटा, पिपरिया सहलावन, पडखुरी, उबरा, भूला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या उमरियापान, भदौरा नंबर 1, हरदुआ, तेवरी, बसाडी, निटर्स, पिपरौध, शासकीय हाई स्कूल देवरी मवई, पोडीकला बी, बिचुआ कटनी, झिर्री, गुडेहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी, खिरवाटोला, बरहटा, गैरतलाई, पिपरोंध, हथकुरी का नाम शामिल है। जारी कारण बताओ नोटिस में इन सभी प्राचार्यो व प्रभारी प्राचार्यो से मांगे गये जवाब में कहा गया है कि समाधानकारक जवाब नहीं पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## विजयनाथधाम मंदिर से प्रारंभ हुई बड़वारा विकासखण्ड की स्नेह यात्रा



**कटनी,यशभारत।** शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर समाज में भेदभाव को मिटाकर सामाजिक समरसता के भाव को बढ़ाने एवं स्नेह पूर्वक रहने के भाव को लेकर स्नेह यात्रा का आयोजन म.प्र जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश सरकार के तत्वाधान में मध्यप्रदेश में स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। इसी तारतम्य में विजयराघवगढ़ विकासखण्ड में दो दिवस के उपरांत बड़वारा (बरही) के विजयनाथधाम मंदिर से स्वामी गुरूदेव श्री नरसिंहदासजी महाराज जी द्वारा विजयनाथधाम में पूजन कर बड़वारा विकासखण्ड की स्नेह यात्रा का शुभभारंभ किया गया। यह यात्रा विजयनाथधाम प्रागंण से कन्नौर, बुजबुजा होते हुए बिचपुरा पहुँची। यहाँ स्वामी नरसिंहदासजी महाराज द्वारा प्रेम शांति सौहार्द का संदेश देते हुए मानव जीवन में सत्य अहिंसा से प्रेरित एवं अन्य धार्मिक संदेश दिए गए। सामाजिक समरसता की भावना हो, आपसी सौहार्द का वातावरण निर्मित करें। सभी मिलजुल कर साथ रहें। ऊँच-नीव का भेद न हो। छुआछूत की भावना न हो। ऐसे निर्मल संदेष स्वामी जी द्वारा दिए गए। जिस प्रकार वृक्ष फ्ल, और स्वच्छ वायु, नदियॉ, स्वच्छ जल, गाय दूध बिना भेदभाव के देती है। वैसे ही मनुष्य को बिना किसी ऊँच-नीच के भेद को मिटाकर समाज निर्माण करना चाहिये। ये ऊँच-नीच का भेद मनुष्य की ही प्रकृति क्यों हैं। ग्राम बिचपुरा एवं बडवारा में सत्संग का आयोजन किया गया। यात्रा में नवल सिंह चतुर्वेदी, कैलाश कचेर, दीपक प्रजापति, सागर दाहिया, केशव यादव जी, विनोद सिंह, अनंत सोनी, रविषंकर मिश्रा, नंदकिशोर मिश्रा, सुधा जायसवाल, रवि रजक एंव अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस बल एएसआई बिजेन्द्र तिवारी, बालगोविंद प्रजापति उपस्थित रहे।

## नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक कल

**कटनी,यशभारत।** जिला कटनी अंतर्गत ग्राम पथराडी पिपरिया तहसील बहोरीबंद खसरा नंबर 968/4 रकबा 5.80 हे0 में से 0.90 हे0 भूमि मध्यप्रदेश शासन वन विभाग भोपाल को हस्तांतरित किये जाने के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में 21 अगस्त सोमवार को टी0एल0 बैठक उपरान्त नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया है। प्रभारी अधिकारी नजूल शाखा नें कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी/नजूल अधिकारी बहोरीबंद, जिला पंजीयक, तहसीलदार कटनी नगर, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से निर्धारित तिथि को टी0एल0 बैठक उपरान्त जानकारी सहितउपस्थित होने का आग्रह किया है।

## स्टाफ एवं छात्रों ने ली सद्भावना की शपथ



**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ एस एस धुर्वे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में सद्भावना दिवस मनाया गया। सद्भावना दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी के जन्मदिवस की वर्षगांठ पर प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है किंतु इस वर्ष अवकाश होने के कारण आज दिनांक 18 अगस्त को ही सद्भावना दिवस मनाया गया। सद्भावना दिवस का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय अखंडता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित स्टॉफके सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियो को सद्भावना और भाईचारे के साथ रहने की शपथ दिलाई, कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, श्रीमती अनीता सिंह, डॉ पुष्पेंद्र तिवारी, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, अनुराग सोनी, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, सुश्री संतोषी तिवारी, ऋषभ त्रिपाठी, कृष्णपाल सिंह तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## 706.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 अगस्त की प्रातः तक की अवधि तक कुल 706.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 500.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 206.5 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 655.6 मिलीमीटर, रीठी में 754.7 मिलीमीटर, बड़वारा में 689.0 मिलीमीटर, बरही में 620.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 524.5 मिलीमीटर बहोरीबंद में 597.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 968.1 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 843.4 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

## एकता और सद्भावना के लिए मिलकर करेंगे कार्य



**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 18 अगस्त को सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत कटनी कार्यालय में को अधिकारियों- कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान योजनाओं के योजना प्रभारी अधिकारी और अन्य शासकीय लोक सेवकों ने सद्भावना प्रतिज्ञा ली। विदित हो कि राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में प्रतिवर्ष 20 अगस्त को सदभावना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 19 अगस्त शनिवार एवं 20 अगस्त रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण शासन निर्देशानुसार सदभावना दिवस की प्रतिज्ञा शुक्रवार 18 अगस्त को दिलाई गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से शपथ ली कि जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत से सहायक परियोजना अधिकारी विजयलक्ष्मी मरावी, कमलेश सैनी, मृगेंद्र सिंह ऋषिराज चढ़ार, योगेंद्र कुमार असाटी, आशुतोष खरे, अभिषेक भार्गव, सूरज शर्मा, गोदफ्रिज किस्पोट्टा, अशोक चक्रवर्ती, नरेश राठौर, रामसुजान द्विवेदी, राजीव चौदहा, सुशील सेन, मोहम्मद आरिफ, सोहनलाल दाहिया और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



## नवोदय विद्यालय में 6वी में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन की तिथि 25 अगस्त

**कटनी,यशभारत।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला कटनी में कक्षा छठवी में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाईन फर्म भरे जा रहे है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा छठवी में 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 तक थी, जिसको नवोदय विद्यालय समिति द्वारा अब 25 अगस्त 2023 तक बढ़ा दी गई है। आनलाईन आवेदन फार्म नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट पर भरा जा सकता है। कक्षा 6वी प्रवेश के लिए आवेदक का जन्म 01 मई 2012 से 31 जुलाई 2014 (दोनो तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए तथा आवेदक सत्र 2023-24 में कटनी जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वी में अध्ययनरत एवं कटनी जिले का निवासी होना चाहिए।



**सद्भावना दिवस**

**कटनी,यशभारत। सांईनाथ इंस्टीट्यूशन में सद्भावना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं में सद्भावना दिवस पर भाषण दिया एवं एकजुट होने का संकल्प लिया जिसमें साईनाथ इंस्टीट्यूशन के जॉइंट डायरेक्टर दीपक माथुर सर एवं प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती भारती तिवारी एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमति अन्नूश्री कण्ठ एवं नदीम खान, नित्यानंद पाठक सर, अंजुलता यादव मैम, रिचा बिच्पुरिया, मनीष तिवारी सर, नीतू निषाद, प्रियंका पटेल एवंअन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। सभी ने सद्भावना की प्रतिज्ञा ली कि हम सब सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार करेंगे और एकता का संकल्प लिया।**

## समाजवादी पार्टी की बैठक में विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा



**कटनी,यशभारत।** बड़वारा तहसील में समाजवादी पार्टी की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद ने की एवं मोहम्मद शकील प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी दिनों में बड़वारा विधानसभा के चुनाव पर और जन समस्याओं पर चर्चा हुई। कांग्रेसी-भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इसमें प्रमुख रूप से बड़वारा भाजपा जनपद सदस्य सुश्री कुंती कोल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में लल्लू प्रसाद पटेल, प्रभु सिंह, ओम प्रकाश यादव, श्रीचंद कॉल जवाहर, कॉल वीरेंद्र सिंह, मेवा लाल पटेल, सुनील सिंह, बलवीर सिंह, नरेश सिंह आदि की उपस्थिति रही।



## नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों ने ली शपथ

**कटनी,यशभारत।** नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में सद्भावना दिवस के अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण की गयी। प्रभारी आयुक्त पवन कुमार अहिरवार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कटनी राज्य शासन के निर्देशानुसार 18 अगस्त को प्रातः 11 बजे प्रभारी आयुक्त पवन कुमार अहिरवार द्वारा सद्भावना दिवस के अवसर पर निगम के अधिकारीध्कर्मचारियों को शपथ दिलाई की जाति सम्प्रदाय क्षेत्र धर्म के प्रति बिना भेदभाव के कर्तव्य का पालन करेगें। सद्भावना दिवस पर अधिकारियों ने प्रतिज्ञा की शपथ ली। शपथ के दौरान निगम के प्र. राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

# वैश्य महासम्मेलन में पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

### ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन विस्तार की बनी कार्य योजना

**कटनी,यशभारत।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश जिला इकाई कटनी की आवश्यक बैठक त्रिसोलिया प्रांगण, जालपा देवी वार्ड, कटनी में जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ वैश्य कुलदेवी माता महालक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चनाए दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया द्वारा नए सदस्यों को वैश्य महासम्मेलन संगठन की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष बृजेश गट्टानी द्वारा बैठक के विषयों की जानकारी सदस्यों को दी और प्रत्येक विषय पर सभी से विचार विमर्श किया गया। संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से जिला इकाई का पुनर्गठन नए उपाध्यक्ष, मंत्री एवं प्रभारी नियुक्त किए गए। नए सदस्यों को जोड़कर नए दायित्व दिए गए। प्रदेश से निर्धारित जिला इकाई के वार्षिक कार्यक्रमों के प्रभारी एवं पदाधिकारी में कार्यों का विभाजन भी किया गया। तहसीलों में भी संगठन को मजबूत करने के लिए तहसील प्रवास की कार्य योजना बनाई गई। जिला कटनी नगर इकाई का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से सुनील अग्रवाल को नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। माला पहना कर सभी सदस्यों ने उनको बधाई दी। बैठक में जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया, महामंत्री रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेंद्र खंताल, एडवोकेट सुरेश सोनी, बृजेश गट्टानी, आशीष जैन राजू, कमल बड़ेरिया, प्रभात नायक, मोहित बहरे, कोषाध्यक्ष गणेश गुप्ता, पुलकित सराफ, संजय सोनी, अभिनंदन सरावगी, कमलकांत नायक, सलिल कनकने, कार्यालय मंत्री विनय कदेंले, सहकार्यालय मंत्री चंचल कनकने, मंत्री संदीप पुरवार, संतोष गुप्ता, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, अनुराग त्रिसोलिया, प्रदीप गुप्ता, अंकित गुप्ता, दिव्यांश त्रिसोलिया एवं वैश्य बंधु उपस्थित रहे। बैठक में सभी का आभार महामंत्री रमेश गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक पश्चात आजीवन सदस्य वैश्य कार्ड वितरित किए गए एवं नए सदस्य प्रदीप गुप्ता एवं श्रीमती मीना गुप्ता के सदस्यता फार्म भरवा गए नवनियुक्त उपाध्यक्ष बृजेश गट्टानी एवं युवा प्रभारी अग्रज लहरिया का माला पहना कर नए दायित्व के लिए सभी बधाई दी।





## खिरहनी मुक्तिधाम में लगाए जाएंगे पेवर ब्लाक

### महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वयोवृद्ध सुजान गडारी से कराया भूमि पूजन

**कटनी,यशभारत।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने 18 अगस्त की सायं आचार्य विनोवाभावे वार्ड स्थित खिरहनी मुक्तिधाम में लगभग 8 लाख रूपये की लागत से पेवर ब्लाक का भूमिपूजन कराया। महापौर श्रीमति प्रीति सूरी ने वार्ड के वयोवृद्ध श्री सुजान गड़ारी से भूमिपूजन कराया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि मुक्तिधाम हर वर्ग के शोकाकुल जनों आवागमन होता है। यहाँ के समुचित विकास में कोई कमी नहीं की जायेगी। इस मौके एमआईसी सदस्य-संतोष शुक्ला डॉ. रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, बीना बैनर्जी, पवन चौधरी, अयोध्या चौधरी, दिनेश रजक, राजकुमार चक्रवर्ती, प्रकाश चौधरी, नरोत्तम चौधरी, कन्हैया चौधरी, पल्लू पटेल उपस्थित रहे।

